P372

इंदौर, शुक्रवार 07 नवंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 10
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

भाजपा दबाव में काम कर रहा निर्वाचन आयोग- वर्मा



पेज-2

आईपीएल 2026 सत्र में भी धोनी खेलेंगे



पेज-5

पैंगोलिन अब रालामंडल अभयारण्य में सुरक्षित



पेज-6

### इंदौर बीजेपी में नए दौर की राजनीति का आगाज...

# ताई-भाई-सांई के बाद अब पार्टी में नई पीढ़ी के अलग-अलग नेताओं के बीच होगी वर्चस्व की जंग

**दैनिक इंदौर प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ बीजेपी में दशकों तक सत्ता के दो ही केंद्र माने जाते रहे- 'भाई' यानी कैलाश विजयवर्गीय और 'ताई' यानी सुमित्रा महाजन। संगठन से लेकर टिकट वितरण तक, हर फैसला इन्हीं दो ध्रुवों के इर्द-गिर्द घूमता था। लेकिन अब यह तस्वीर बदल रही है। एक नया युवा नेतृत्व आकार ले रहा है, जो इन दोनों के साये से बाहर अपनी पहचान बना रहा है। शहर की राजनीति में अब दो नए शक्ति केंद्र उभरते दिख रहे हैं। इस गुट का नेतृत्व गौरव रणदिवे, विधायक मनोज पटेल, एकलव्य गौड़ और सावन सोनकर कर रहे हैं। ये चारों नेता अक्सर एक साथ पोस्टरों और कार्यक्रमों में नजर आते हैं। यह गुट सोशल मीडिया पर बेहद सक्रिय है और राजनीति के नए तौर-तरीकों पर जोर देता है। दरअसल, जब प्रदेश कार्यकारिणी में गौरव रणदिवे को जगह मिली तो कैलाश विजयवर्गीय का एक बयान सुर्खियों में रहा। उन्होंने कहा- मैं जो पौधा लगाता हूं, उसे काटता नहीं हूं। जानकारों के मुताबिक, प्रदेश कार्यकारिणी में गौरव रणदिवे को शामिल करना इंदौर से एक नए पावर सेंटर की शुरुआत माना जा रहा है। इसके बाद जब इंदौर नगर कार्यकारिणी का ऐलान हुआ तो उसमें भी ताई और भाई गुट के चेहरे लगभग गायब थे। इस कार्यकारिणी में नए चेहरों को आगे बढ़ाया गया है। इस बदलाव के बाद असंतोष के सुर



भी सुनाई दिए हैं, मगर बीजेपी ने जैसे-तैसे डैमेज कंट्रोल किया है। एक तरफ इंदौर बीजेपी में एक नया गुट इस समय हॉट सीट पर है। इस गुट का नेतृत्व विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला और नवनियुक्त नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के हाथ में माना जा रहा है। नगर टीम में इनके समर्थकों को ज्यादा पद मिले हैं, जिससे संगठन के भीतर इनका प्रभाव स्पष्ट दिखता है। ताई यानी पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन और भाई यानी कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समर्थकों को बीजेपी कार्यकारिणी में तवज्जो नहीं मिली।

### पुराने गुटों को नई कार्यकारिणी में ज्यादा तवज्जो नहीं

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन (ताई) के समर्थकों को इस कार्यकारिणी में कोई स्थान नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार, सांसद शंकर लालवानी ने नगर टीम के लिए चार नाम सुझाए थे, जिनमें से केवल एक नाम (कंचन गिदवानी) को जगह मिली। इसमें भी वरिष्ठता का ध्यान नहीं रखा गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के गुट के नेताओं को भी कार्यकारिणी में अपेक्षित स्थान नहीं मिला।

### नई पीढ़ी को कमान सौंपने की तैयारी

यह किसी से छिपा नहीं है कि सुमित मिश्रा, रमेश मेंदोला और गोलू शुक्ला के करीबी हैं, इसलिए उनकी टीम में इस खेमे का दबदबा है। दूसरी ओर, गौरव रणदिवे, सावन सोनकर, मनोज पटेल और एकलव्य गौड़ के एक साथ पोस्टर-बैनर लगना यह साबित करता है कि शहर में एक नया गुट तैयार हो चुका है। गौरव रणदिवे के महामंत्री बनने पर जिस तरह जश्न मनाया गया, वह एक शक्ति प्रदर्शन और नया संदेश देने की कोशिश थी।'

# दिल्ली तक पहुंचा इंदौर कांग्रेस का ऑडियो कांड

**दैनिक इंदौर प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ इंदौर कांग्रेस में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को गालियां देने वाला ऑडियो कांड दिल्ली पहुंच गया है। इस मामले में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी व अन्य को लिखित में शिकायत हो गई है। उधर, मप्र कांग्रेस प्रभारी महेश चौधरी इस मामले को ठंडा करने में जुट गए हैं। ऑडियो कांड तथाकथित तौर पर शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे और पूर्व शहराध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत का है। इसमें चौकसे खुलकर दिग्विजय सिंह को गालियां दे रहे हैं।

साथ ही, कह रहे हैं कि किसी के बाप के नौकर नहीं हैं। वे कहते हैं कि पिता तुल्य हैं तो अपने बेटे जयवर्धन सिंह को ऐसे सार्वजनिक डांटे। हालांकि चौकसे और चड्ढा दोनों ही इसे फेक बता रहे हैं।

**यह हुई है शिकायत**-इस मामले (दिग्विजय ऑडियो कांड इंदौर) में इंदौर शहर के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि वायरल वीडियो में पूर्व सीएम को लेकर अशोभनीय, अमर्यादित भाषा का उपयोग किया गया है। इसके पूर्व भी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त की उपस्थिति में चिंटू चौकसे ने एक बयान दिया था। चिंटू नें इस बैठक के दौरान बिना पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का नाम लिए कहा कि कोई भी बड़ा नेता मेरी अनुमति के बिना इंदौर नहीं आएगा। साथ ही, न कोई कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह कथन न केवल संगठनात्मक अनुशासन के विपरीत है, बल्कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। यह ऑडियो पार्टी की साख को आहत करता है।

# उज्जैन में भी अनंत अंबानी का वनतारा प्रोजेक्ट लेगा आकार

### सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन में दिखेंगे शेर और जिराफ

**दैनिक इंदौर प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ◘ सिंहस्थ 2028 से पहले पर्यटक उज्जैन में शेर सहित विभिन्न वन्यजीव प्राणी देख सकेंगे। अनंत अंबानी के वनतारा प्रोजेक्ट के साथ मध्यप्रदेश सरकार उज्जैन के नवलखी बीड़ के रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में 201 हेक्टेयर वन क्षेत्र में जू रेस्क्यू सेंटर और सफारी शुरू करने जा रही है।

इसकी शुरुआत हो चुकी है। 21 अक्टूबर को चार सदस्यीय टीम क्षेत्र का अवलोकन कर चुकी है। जल्द ही इसका काम शुरू होगा, जिससे देश-विदेश से आने वाले धार्मिक पर्यटक अब रोमांच का भी आनंद ले सकेंगे।

मध्यप्रदेश सरकार 350 करोड़ रुपए खर्च कर उज्जैन में वन्यजीव प्राणियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का सफारी, रेस्क्यू सेंटर और जू खोलने जा रही है। 'वनतारा' के



फाइल फोटो

साथ मिलकर इसकी शुरुआत की जाएगी। वन्य प्राणियों के लिए नए कॉन्सेप्ट के तहत इसकी शुरुआत होगी, जिसमें 4 किलोमीटर क्षेत्र में टाइगर सफारी विकसित की जाएगी। यहां लैंडस्केप आधारित क्षेत्र बनेगा, यहां आने वाले पर्यटक नदी और पत्थरों के बीच शेरों को देख सकेंगे। यहां बनने वाले जू में अलग-अलग वन्य प्राणियों को रखा जाएगा। फिलहाल प्रोजेक्ट की शुरुआत के लिए 350 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। जल्द ही डीपीआर तैयार की जाएगी। इसके बाद यदि अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हुई तो उसका वहन मध्यप्रदेश सरकार करेगी। इसे ओडिशा के नंदनकानन जू की तरह बनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस जू, रेस्क्यू सेंटर और सफारी में जानवरों को उनके प्राकृतिक वातावरण में रखा जाएगा।

### न्यूज ब्रीफ

- रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड से जुड़े फर्जी बैंक गारंटी घोटाले में ईडी ने अमर नाथ दत्ता को किया गिरफ्तार
- डीके शिवकुमार ने चेताया - वोट चोरी अभियान में लापरवाही बरतने वाले नेताओं पर होगी सख्त कार्रवाई
- लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने जम्मू-पठानकोट फॉरवर्ड एरियाज में ऑपरेशनल तैयारियों का निरीक्षण किया
- दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एटीसी की तकनीकी दिक्कत से यात्रियों को परेशानी, 100 उड़ानें लेट
- कर्नाटक में गन्ना किसान संकट गहराया, सीएम सिद्धरमैया ने पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा
- गोवा सरकार ने बढ़ती गैंग हिंसा को देखते हुए तीन महीने के लिए डीएम को एनएसए की शक्तियां दीं
- आजमगढ़ में एसटीएफ और पुलिस की मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश वाकिफ मारा गया
- पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच डूरंड लाइन पर फिर झड़प, स्पिन बोलदक में चलीं गोलियां
- ट्रंप ने इजरायल की पीएम नेतन्याहू और कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से की बात
- 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक चलने वाले समारोह का आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**उत्सव स्थल बनी रामनगरी**

**अयोध्या** ● अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह ने पूरे शहर को एक भव्य उत्सव स्थल में बदल दिया है। इस आयोजन को लेकर अयोध्या में देशभर से श्रद्धालुओं, संतों और विशिष्ट अतिथियों का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण शहर के सभी होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशालाएं और होमस्टे पूरी तरह हाउसफुल हो चुके हैं।

### इंदौर में ठंड को लेकर 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी का असर अब मध्य प्रदेश में भी दिखने लगा है। गुरुवार रात प्रदेश के लगभग सभी शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार रात इंदौर में 10 साल में नवंबर में पहली बार इतनी तेज ठंड पड़ी कि पारा 10.3 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया, जो साल 2015 से 2024 के बीच का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, 2017, 2020 और 2022 में पारा 11 डिग्री के आसपास जरूर पहुंचा था, लेकिन इतना नीचे नहीं गया। इंदौर में पारा 2 डिग्री तक नीचे गिर गया।



**इंदौर** ● शहर में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वंदे मातरम् के गायन के साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके बाद नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, कलेक्टर शिवम वर्मा, अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# विकास के राह में कहीं एजेंसी नहीं तो कहीं निर्माण बने बाधक

## 100 करोड़ के प्रोजेक्ट को चलाने के लिए नहीं मिल रही कोई एजेंसी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा 100 करोड़ में विकसित कुमेड़ी के आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) को निजी हाथों में देने के लिए करीब छह महीने पहले जो टेंडर बुलवाए गए थे, उनमें से एक टेंडर ' तकनीकी जांच' में अटक गया है। कुमेड़ी का यह आईएसबीटी निर्माण के दौरान ही कई तरह के 'किंतु-परंतु' में उलझा रहा था। छह- सात महीने पहले पूरा होने के बाद से अब इसकी साज-संभाल का संकट खड़ा हो चुका है। आईडीए सीईओ ने दौरा कर इसे अगले साल मार्च तक प्रारंभ करने का भरोसा दिलाया है।



15 एकड़ में बना आईएसबीटी के संचालन के लिए आईडीए चार बार टेंडर बुलवा चुका है। दो-तीन बार में तो एक भी कंपनी ने टेंडर नहीं भरा, क्योंकि ठेके आईडीए ने जो आर्थिक शर्तें लगाई थीं, वो बेहद कठोर थीं। कुछ शर्तें शिथिल कर चौथी बार टेंडर बुलवाए तो चार कंपनियों रुचि दिखाई। सूत्रों के मुताबिक चार में से एक कंपनी के दस्तावेज आईडीए की शर्तों के आसपास ही हैं, लेकिन इसमें भी आईडीए अफसरों के बीच सहमति - असहमति चल रही है। कुछ अफसरों की राय है कि कंपनी को टेंडर दिया जा सकता है, क्योंकि जो हमने चाहा है, वो सब यह कंपनी दे रही है, लेकिन कुछ अफसरों ने इस पर आपत्ति लगा दी है। इसका मतलब है टेंडर निरस्त कर फिर से बुलवाएं। उसके बाद से टेंडर 'तकनीकी जांच' में अटक गया है। कुमेड़ी में जहां आईएसबीटी बना है, वहीं से मेट्रो भी गुजर रही है। निजी हाथ नहीं मिल रहे परिवहन के दोनों साधनों को आपस में जोड़ने के लिए आईएसबीटी ने मेट्रो को जमीन उपलब्ध करवाई थी।

## एमआर-12 अब मास्टर प्लान के हिसाब से ही बनेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ◘ सिंहस्थ से पहले उज्जैन रोड को एबी रोड व बायपास से जोड़ने के लिए अहम लिंक एमआर-12 को बनाने में आ रही बाधाएं जल्द दूर होंगी। सड़क पर बनने वाले कैलोद हाला आरओबी की तीन लेन आईडीए व तीन लेन पीडब्ल्यूडी बनाएगा। पूर्वी रिंग रोड (आरई-2) का कनाड़िया-मानवता नगर के पास का हिस्सा मास्टर प्लान में तय अलाइनमेंट के अनुसार ही बनाएंगे।

गुरुवार को भोपाल में एसीएस संजय दुबे की मौजूदगी में बैठक में इन विषयों पर चर्चा के बाद सहमति बनी। आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े ने अलाइनमेंट, स्वीकृति संबंधित प्रस्तावों पर



प्रस्तुतिकरण दिए। रिंग रोड के लिए प्रस्तावित योजना 9 ए व बी के नए प्रस्तावों पर सहमति नहीं बनी, क्योंकि रिंग रोड पर सामान्य से अलग भारी ट्रैफिक भी गुजरेगा, दोनों अलाइनमेंट में मुश्किल आएगी। इसलिए मास्टर प्लान में तय अलाइनमेंट ही तकनीकी रूप से सही है। इस पर मंजूरी और अन्य दस्तावेजों का परीक्षण करके आगे कार्रवाई होगी। अनुमति होने पर नियमानुसार प्रक्रिया करेंगे। यह भी देखा जाएगा कि इसमें अनुमति कैसे दी गई? बैठक में टीपीएस 5, 9 व अन्य में भी सड़कों के अलाइनमेंट और जमीन संबंधित परेशानियों व नियमों पर चर्चा की गई। इनके निराकरण भी जल्दी करवाएंगे। अफसरों के मुताबिक सारी बाधाएं दूर कर रोड का काम जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। इसे प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। सरकार की मंशा है, एमआर-12 का निर्माण सिंहस्थ से पहले कर लिया जाए, जिससे उज्जैन रोड की ओर एबी रोड व बायपास तक आवाजाही के लिए एक आउटर वैकल्पिक रोड मिल जाए।

न्यूज ब्रीफ

### दिग्विजय सिंह को अपशब्द कहने वालों पर कार्रवाई की मांग पर मिली धमकी

**इंदौर संकेत संकेत**

**इंदौर** ● कांग्रेस के राष्ट्रीय वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्गविजय सिंह के प्रति अपशब्द एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करने वाले इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के समर्थक लोकेश हार्डिया द्वारा, मेरे प्रति सार्वजनिक रूप से मुंह काला करने एवं जान से मारने की धमकी दी गई है। याद रहे कि धमकी इसलिए दिलवाई जा रही है कि शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे एवं पूर्वाध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्डा का विवादित ऑडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से प्रसारित हो रहा था जिसमें चिंटू चौकसे द्वारा खुले आम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय दिग्विजय सिंह जी को अपशब्द दे रहे थे जिसे लेकर मेरे द्वारा उस आडियो की जांच की मांग राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं प्रदेश के जिम्मेदारों को विधिवत अनुशासन का ध्यान रखते हुए की गई थी, जिससे चिंटू चौकसे बौखलाकर उनके गुंडों से धमकियां दिलवा रहे है ।

### पुलिस कमिश्नर इंदौर ने स्कूल प्रशासकों व बस ट्रांसपोर्ट के साथ की बैठक

**इंदौर संकेत संकेत**

**इंदौर** ● स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन व स्टूडेंट्स एवं नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहर के विभिन्न स्कूल प्रशासकों और स्कूल बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में किया गया। उक्त बैठक में अति. पुलिस आयुक्त इंदौर आर.के. सिंह, पुलिस उपायुक्त इंदौर आनंद कलादगी सहित यातायात प्रबंधन पुलिस के सभी अति. पुलिस उपायुक्तगण, सहायक पुलिस आयुक्तगण एवं शहर के विभिन्न स्कूल के प्रशासकगण एवं स्कूल बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## महापौर ने विधानसभा 3 एवं 5 के वार्डों की समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# काम नहीं करने वाले ठेकेदार एजेंसी होंगी ब्लैकलिस्टेड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जो भी ठेकेदार या एजेंसियां टेंडर एवं अनुबंधित कार्य ले रही हैं, वे समय पर कार्य पूर्ण करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। रीगल चौराहा से मधुमिलन चौराहा तक बनने वाली आदर्श रोड परियोजना में कार्य की धीमी गति और गुणवत्ता सहन नहीं की जाएगी। यह बात गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र 3 एवं 5 के अंतर्गत आने वाले वार्डों के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक सीटी बस ऑफिस में आयोजित की गई। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत यह कार्य 100 दिनों में पूर्ण होना था, किंतु आज तक डिजिटल पोलार्ड और अन्य आकर्षक तत्व नहीं बने हैं। यह स्थिति

अस्वीकार्य है। इसी प्रकार मरीमाता चौराहा से इमली बाजार चौराहा के बीच बनने वाली सड़क के फुटपाथ निर्माण,



पोल शिफ्टिंग आदि कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**ठेकेदार तत्काल कार्य प्रारंभ करें:** महापौर भार्गव ने विधानसभा 03 के अंतर्गत जोन क्रमांक 3, 11, 12 एवं 18 तथा विधानसभा 05 के अंतर्गत जोन 8, 9, 10, 11, 18 एवं 19 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 37, 40, 41, 42, 43, 44, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 54, 55, 56, 57, 59, 60, 61, 62, 63, 64 के सड़क निर्माण, सीवरेज, उद्यान विकास, संजीवनी क्लीनिक, योग शेड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की वार्डवार समीक्षा की। महापौर ने कहा कि शहर की सड़कों को किसी भी कारण से खोदना अनुचित है। जिन ठेकेदारों को एलओएल व कार्यादेश जारी हो चुके हैं, वे तत्काल कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने जीवन रेखा मार्ग में बाधक अतिक्रमण हटाने, आवासीय क्षेत्रों में व्यवसायिक निर्माण रोकने तथा पेचवर्क कार्यों में गति लाने हेतु अतिरिक्त टीम लगाकर समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक महेन्द्र हार्डिया ने कहा कि आवासीय स्वीकृति वाले क्षेत्रों में होटल, हॉस्टल या व्यवसायिक गतिविधियां संचालित होना अनुचित है, इस पर निगम नियमानुसार कार्यवाही करे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में किए गए सड़क निर्माण कार्यों के लिए महापौर को धन्यवाद दिया तथा पार्षदों से राजस्व वसूली में सहयोग करने की अपील की। हार्डिया ने सोमनाथ की जूनी चाल क्षेत्र में विकास कार्य करने एवं नर्मदा परियोजना के तहत पेयजल वितरण सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

#### पानी का अपव्यय रोका जाए

बैठक में प्रत्येक जोन में चल रहे उद्यान विकास कार्यों, युरेशिया गार्डन निर्माण, तथा पेयजल टंकियों से जलप्रदाय की स्थिति की समीक्षा की गई। महापौर ने निर्देश दिए कि जोन क्षेत्र में जलप्रदाय संतुलित एवं व्यवस्थित रहे, पानी का अपव्यय रोका जाए तथा अमृत-2 योजना के अंतर्गत शेष वार्डों में सीवरेज एवं सड़क कार्यों की जनसहयोग आधारित योजना तैयार की जाए। महापौर ने कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा अनुबंध के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किए जा रहे, उन्हें जोनल अधिकारी मौके पर बुलाकर कार्य प्रारंभ करवाएं, अन्यथा उनकी अमानत राशि जब्त कर ब्लैकलिस्टेड किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सड़क किनारे अवैध ठेले एवं कब्जे को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हटाया जाए। विधायक गोलु शुक्ला ने मधु मिलन चौराहा से रीगल रीगल चौराहा तक निमित्त आदर्श रोड निर्माण में हुए व्यय, शेष कार्यों की स्थिति एवं जीवन रेखा मार्ग पर रिटेनिंग वॉल निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने अवैध व्यावसायिक निर्माण पर आपत्ति जताते हुए विधानसभा क्षेत्र में एक उच्च स्तरीय ऑडिटोरियम निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन और योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## पं. देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा 11 को

**इंदौर संकेत संकेत**

**इंदौर** ● कटनी नगरी सनातन धर्म की ऐतिहासिक और परम आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत एक भव्य उत्सव की साक्षी बनने जा रही है, जो सनातन धर्म की भक्ति, सेवा और एकता की दिव्य भावना को मूर्त रूप देगा।परम पूज्य गृहस्थ संत गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का महामहोत्सव दद्दाजी धाम परिसर में 9 से 13 नवंबर, 2025 तक बड़े श्रद्धा और वैभव के साथ आयोजित होगा। यह पाँच दिवसीय महोत्सव देशभर से आने वाले हज़ारों श्रद्धालुओं, संतों, आध्यात्मिक आचार्यों और विशिष्ट अतिथियों को एक सूत्र में बाँध देगा। इस दौरान पूरी कटनी नगरी आस्था, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के केंद्र के रूप में आलोकित होगी। यह महोत्सव परम पूज्य दद्दाजी के विश्वभर में फैले लाखों अनुयायियों के लिए ऐतिहासिक क्षण लेकर आ रहा है - एक ऐसा अवसर जो अपने गुरु के प्रति उनकी गहन श्रद्धा, निष्ठा और अटूट भक्ति का प्रतीक है। गुरुदेव दद्दाजी का सेवा, करुणा और मानवता से परिपूर्ण जीवन आज भी उनके हर अनुयायी के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का अमृत स्रोत बना हुआ है। यह पावन महोत्सव 9 नवंबर, 2025 से शुभारंभ होगा, जिसकी शुरुआत असंख्य पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण और रुद्राभिषेक जैसे दिव्य अनुष्ठानों से होगी। वातावरण में हर ओर वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्ति का आलोक व्याप्त रहेगा।मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार, 11 नवंबर, 2025 को प्रात: 10 बजे से दद्दाजी धाम, कटनी में विधिवत् होगा। इसके साथ कलश यात्रा, हवन, अभिषेक, आरती और पूर्णाहुति जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यह महोत्सव आगे बढ़ेगा - एक ऐसी श्रृंखला, जिसमें हर क्षण श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव होगा। 11 से 13 नवंबर, 2025 वृंदावन के प्रतिष्ठित कथावाचक पंडित इन्द्रेश उपाध्याय महाराज अपने दिव्य वचनों से श्रद्धालुओं को आशीषित करेंगे। उनका 'अमृतमयी कथा प्रवचन', भजन और कीर्तन से अलंकृत, प्रतिदिन दद्दाजी धाम परिसर में गूंजेगा और समूचे वातावरण को भक्ति और आनंद की माधुर्यता से भर देगा।इस पावन अवसर पर पंडित मोहित मराल गोस्वामीजी, रेणुकाजी जैसे पूज्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।



## बीएलओ नियुक्तियों में गड़बड़ी से लोकतंत्र को खतरा, भाजपा दबाव में काम कर रहा निर्वाचन आयोग- वर्मा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर धांधली और मनमानी सामने आई है। कांग्रेस की राज्य स्तरीय SIR मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इस पूरे प्रकरण पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के दबाव में निर्वाचन आयोग अपनी निष्पक्षता खोता जा रहा है।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता वर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए कई जिलों में फारेस्ट गार्ड, मिड-डे मील कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, और आउटसोर्स कर्मियों जैसे गैर-सरकारी कर्मचारियों को BLO नियुक्त किया गया है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। 'जब अनुबंधित कर्मचारी और गैर-सरकारी व्यक्ति BLO बनाए जाएंगे, तो मतदाता सूची की विश्वसनीयता कैसे सुनिश्चित होगी? क्या यह आस्थाई कर्मचारी स्थाई होने के लिए भाजपा की राज्य सरकार के अधीन मतदाता सूची को प्रभावित नहीं करेंगे? आयोग और प्रशासन की यह मनमानी लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए क्या इस तरह के निर्णय क्या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खडे नहीं करते?

सज्जन सिंह वर्मा ने कहा की वनरक्षक जैसे कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र से दूर होते हैं, उनके लिए मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर सत्यापन करना व्यावहारिक रूप से असंभव है वही मिड -ड़े मील व आंगनवाड़ी सहायिकाएँ नियमित सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, फिर भी BLO बनाना पूर्णत: गैरकानूनी है। मीटर रीडर और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी BLO नियुक्त किए गए हैं, जिनकी नियुक्ति आयोग के पात्रता मानकों का उल्लंघन है।

वर्मा ने कहा कि अनेक जिलों में कलेक्टरों द्वारा जारी आदेशों के बावजूद BLO नियुक्तियों में पारदर्शिता नहीं है। वहीं आधार कार्ड लिंकिंग को लेकर भी मतदाता सूची सत्यापन में ढिलाई बरती जा रही है एवं सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद भी आधारकार्ड को प्रामाणिक दस्तावजे मानने से परेहज किया जा रहा है। 'निर्वाचन आयोग ने बिना समुचित तैयारी के स्ढ्क्र कार्यक्रम थोप दिया है। कई जिलों में फॉर्म, दस्तावेज और सामग्री तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसा लगता है कि सारी प्रक्रिया राजनीतिक दबाव में जल्दबाजी में की जा रही है ताकि मतदाता सूचियों में मनमाफिक संशोधन किए जा सकें।

## नशे की गिरफ्त में महिलाएं भी

# भारत में 60% से अधिक सड़क हादसे और अपराध के पीछे बड़ा कारण नशा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में जारी तीन दिनी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन नशे और तकनीकी लत के सामाजिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें एक्सपर्ट्स ने बताया कि महिलाओं में नशे की आदत सिर्फ बढ़ ही नहीं रही है, बल्कि यह कई बार उन्हें हिंसा और अपराध जैसी चरम प्रवृत्तियों की ओर भी ले जा रही है। ऐसे ही भारत में 60% से अधिक सड़क हादसे और अपराध के पीछे सबसे बड़ा कारण नशा है।

इस वर्ष की थीम है 'वर्तमान में रणनीतियों, नीतियों और दृष्टिकोण के माध्यम से नशे कि बढ़ती समस्या से निपटना'। व्यसन विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र राव (एम्स दिल्ली) ने बताया कि भारत में 60% से अधिक सड़क हादसे और अपराध नशे की स्थिति में होते हैं, जो समाज में नशे के बढ़ते दुष्परिणाम की भयावह स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा जब व्यक्ति नशे के प्रभाव में होता है तो उसका आत्म-नियंत्रण और निर्णय क्षमता खत्म हो जाती है। अपराध, हिंसा और हादसे अक्सर इसी अवस्था में घटित होते हैं। कई बार ऐसे केस देखे कि नशे के लिए जरूरी रुपए नहीं होने पर भी नशे का आदि व्यक्ति अपराध करने से पीछे नहीं हटता।विशेषज्ञों ने महिलाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर विशेष चिंता व्यक्त की। डॉ. अतुल अंबेडकर, ने कहा हाल के कुछ मामलों में देखा गया है कि नशे या मानसिक असंतुलन की स्थिति में महिलाएं खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचा रही है। यह एक नया सामाजिक संकट है जिसे हमें गंभीरता से समझना होगा।

# भूसे की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 32 लाख रुपये से ज्यादा की अवैध शराब जब्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर मध्य प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान चल रहा है, नशीले मादक पदार्थ हो या फिर अवैध शराब निर्माण, अवैध शराब परिवहन आबकारी विभाग और पुलिस लगातार नजर रख रही है, इसी क्रम में धार आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है और लाखों रुपये कीमत की शराब जब्त की है

आबकारी विभाग के मुताबिक सहायक आबकारी आयुक्त राज नारायण सोनी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक आयशर ट्रक इंदौर से पीथमपुर होते हुए धार की तरफ़ जा रहा है जिसमे पशु आहार (भूसे) के बोरों के नीचे अवैध शराब की पेटियां भरी हुई हैं।

सूचना मिलते ही सहायक आबकारी आयुक्त ने जिले के अधिकारियों को ट्रक का पीछा पर उसे पकड़ने के निर्देश दिए, वरिष्ठ



अधिकारी के निर्देश पर दो टीम गठित की गई और ट्रक को पकड़ने की प्लानिंग की गई, दोनों टीम तुरंत ग्राम गुणावद पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की सर्विस रोड पर पहुंची औए नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताये नंबर का आयशर ट्रक क्रमांक MP-13/जीबी/0904 आता दिखाई दिया, आबकारी टीम ने उसे रोकने का इशारा किये लेकिन ड्राइवर ने ट्रक को भगाने का प्रयास किया लेकिन आबकारी की टीमों ने उसे पकड़ लिया और जब उसकी तलाशी ली तो उसमें शराब मिली। आबकारी विभाग की टीम ने जब भूसे की बोरियों के नीचे छिपी शराब को निकाला तो चौंक गई यहाँ लाखों रुपये की अवैध शराब भरी थी, आबकारी विभाग को ट्रक में 138 पेटी माउंट-6000 कैन बीयर, 150 पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की, 20 पेटी लंदन प्राइड वोडका और 220 पेटी रॉयल सेलेक्ट व्हिस्की मदिरा मिली जिसकी कुल कीमत साढ़े 32 लाख रुपये बताई गई है, आबकारी विभाग ने शराब को जब्त कर लिया।

## सुप्रीम कोर्ट से मिली 4 दिन की एंट्रीम बेल, शादी समारोह में आए; पुलिस की नजर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पीएफआई और एसडीपीआई के दो सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट से चार दिन की एंट्रीम बेल मिली है। जिसके बाद भोपाल से उन्हें इंदौर लाया गया है। इंदौर में उनके यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें चार दिन की बेल मिली है। हालांकि इस देखते हुए इंदौर पुलिस सतर्क है और लगातार उन पर नजर बनाए हुए है।

डीसीपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि पीएफआई और एसडीपीआई के दो सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट ने चार दिन की एंट्रीम बेल दी है। उनकी ये बेल आज से प्रभावशील होकर 9 नवंबर की शाम 5 बजे तक रहेगी। दोनों के यहां शादी समारोह है। एक बेटी की शादी दूसरे के भतीजे के साथ हुई है। उसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें ये जमानत मिली है। गुरुवार को भोपाल से टीम इन्हें लेकर इंदौर आई थी। टीम ने विधिवत इन्हें घर पर छोड़ा है। अब इंदौर पुलिस इन पर निगरानी रखेंगी, ताकि सुरक्षा में कोई चूक ना हो।

**भोपाल से इंदौर लेकर आई टीम**-गुरुवार को भोपाल से एक टीम इन्हें लेकर इंदौर आई। भोपाल की टीम इन्हें लेकर सदर बाजार थाने पहुंची। इस दौरान थाने में बड़ी संख्या में पुलिसबल भी जमा था। इसके बाद दोनों को उनके घर छोड़ा गया। डीसीपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि ये दोनों चार दिन की बेल पर है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इन पर पुलिस निगरानी रखे हुए है।

# इमरान हाशमी, यामी की शाहबानो केस पर बनी हक मूवी होगी रिलीज, याचिका खारिज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देश को हिला देने वाले इंदौर के सबसे चर्चित शाहबानो केस पर बनी फिल्म को लेकर बड़ी खबर समने आई है। अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम धर अभिनीत फिल्म हक रिलीज होगी। इस मूवी को लेकर शाहबानो की बेटी सिद्धीका के जरिए लगाई गई याचिका को इंदौर हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। यह मूवी सात नवंबर को रिलीज हो रही है। इंदौर हाईकोर्ट ने सभी तर्कों को सुनने के बाद चार नवंबर को आदेश रिजर्व कर लिया था, जो 6 नवंबर को जारी कर दिया गया। जस्टिस प्रणय वर्मा ने आदेश में लिखा है कि फिल्म को लेकर फरवरी 2024 से काम चल रहा था। इस संबंध में विविध आर्टिकल प्रकाशित हुए।

23 सितंबर 2025 में टीजर आया, इस पर 6 अक्टूबर को संबंधित फिल्म मेकर्स को नोटिस हुए। फिर हाईकोर्ट में याचिका फिल्म रिलीज से 6 दिन पूर्व, 1 नवंबर को दाखिल की गई। इसमें पर्याप्त समय होने के बाद भी देरी की गई और याचिका रिलीज के कुछ दिन पहले लगाई गई। यानी वह इसे लेकर सतर्क नहीं थे।

**हाईकोर्ट ने यह भी तर्क सही पाए**-हाईकोर्ट ने फिल्म मेकर्स की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया और अधिवक्ता एचवाई मेहता व चिन्मय मेहता के तर्कों को सही पाया। मेहता के जरिए पेश किए गए विविध कोर्ट केसों का जिक्र भी आदेश में किया गया। इसमें साफ किया गया कि





फिल्म मेकर्स ने डिस्क्लेमर दिया है कि यह फिल्म काल्पनिक चित्रण है। इस केस के रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं, साथ ही बानो-भारत की बेटी पुस्तक भी इस पर आधारित है।

लगातार इस पर आर्टिकल हुए और साहित्य मौजूद है, लेकिन कभी भी परिजनों द्वारा कोई आपत्ति नहीं ली गई। यह फिल्म बायोपिक नहीं है और न ही किसी व्यक्ति विशेष पर डाक्यूमेंट्री है। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाता है।

**अधिवक्ताओं ने इन केस के डायलॉग्स से दी दलील**-वरिष्ठ अधिवक्ता बागड़िया ने कहा था कि यह काल्पनिक चित्रण है, यह बायोपिक नहीं है। इसमें महिला के संघर्ष को दिखाया गया है, इसमें दो अहम डायलॉग्स हैं जो टीजर और ट्रेलर में हैं। एक बानो तो बहाना है, हम पर हमला तो पुराना है और कौम के साथ गद्दारी की है।

यह बताता है कि किस तरह महिलाओं के लिए हालात थे और कैसे लड़ाई की गई। यह व्यक्तिगत मामला नहीं है। इसी तरह अधिवक्ता एचवाई मेहता ने भी सेंसर बोर्ड के नियमों के तहत बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म को सर्टिफिकेट मिल चुका है, तो क्या कोई ऐसा नियम है जो सर्टिफिकेट को रोकता है? ऐसा कोई नियम नहीं है। इसमें किसी तरह की प्राइवेसी में दखल नहीं दिया गया है। शाहबानो इंदौर की रहने वाली एक मुस्लिम महिला थीं। साल 1975 में शाहबानो के पति मोहम्मद अहमद खान ने उसे तलाक दे दिया था। शाहबानो और उसके 5 बच्चों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। उस समय शाहबानो की उम्र 59 साल थी। शाहबानो ने बच्चों के लिए हर महीने गुजारा भत्ता देने की मांग की थी।

#### इन सभी को बनाया गया था पक्षकार

इसमें शाहबानो की बेटी सिद्धीका बेगम ने अधिवक्ता तौसीफ वारसी के जरिए याचिका लगाई थी। साथ ही, फिल्म रिलीज पर रोक की मांग की थी। केस में केंद्र सरकार, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सेंसर बोर्ड, इंसोमेनिया मीडिया एंड कंटेंट सर्विसेस लिमिटेड, प्रोड्यूसर ऑफ फिल्म हक, बावेजा स्टूडियोज प्रालि, जंगलीज पिक्चर्स, और डायरेक्टर सुपर्ण वर्मा को पक्षकार बनाया गया।

#### सुनवाई के दौरान इन्होंने रखे थे तर्क

केस में केंद्र की ओर से रोमेश दवे ने पक्ष रखा। वहीं जंगलीज प्रोड्यूसर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने और इंसोमेनिया की ओर से अधिवक्ता एसएच मेहता व अधिवक्ता चिन्मय मेहता ने पक्ष रखे। इसमें फिल्मों के डायलॉग्स व सेंसर बोर्ड के नियमों व अन्य कोर्ट केस फैसलों के आधार पर याचिका को खारिज करने की मांग की गई।

# सम्पादकीय

## अमेरिका में जनता का संदेश साफ - प्रवासियों के पक्ष में जनादेश ट्रंप की नीतियों को झटका

हाल के अमेरिकी राज्य चुनावों में एक स्पष्ट रुझान देखने को मिला है: मतदाता विविधता और आप्रवासियों का समर्थन करते हैं, जबकि ट्रंप की विभाजनकारी नीतियों को अस्वीकार किया जा रहा है। अमेरिका में राज्य स्तरीय चुनावों के नतीजों से एक स्पष्ट आहट सुनी जा सकती है। यह एक ओर प्रवासियों के पक्ष में जनादेश है, तो दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विवादित नीतियों के खिलाफ संदेश भी। न्यूयार्क के महापौर से लेकर कई राज्यों के गवर्नरों और स्थानीय चुनावों के आए परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी समाज विविधता एवं समरसता की संस्कृति को ही पसंद करता है और उसे किसी की मनमानी पसंद नहीं। इस लिहाज से देखें, तो प्रवासियों को मुद्दा बना कर अपने फैसले पर अड़े दिख रहे ट्रंप के लिए ये चुनावी नतीजे एक झटके की तरह हैं। उनकी तमाम तल्खियों और धमकियों के बावजूद न्यूयार्क में जोहरन ममदानी मेयर का चुनाव जीत गए। न्यूयार्क में बीते पचास वर्षों में सबसे अधिक मतदान हुआ। यह एक बड़ा घटनाक्रम है। इससे प्रतीत होता है कि तमाम बाधाओं और उतार-चढ़ाव के बावजूद समुदाय विशेष की राजनीति से ऊपर उठ कर अमेरिका आगे बढ़ने के लिए तैयार है। न्यूयार्क से लेकर वर्जीनिया, मिसिसिपी, केंटकी और ओहायो के सिनसिनाटी शहर में हुए चुनाव में जहां डेमोक्रेटिक पार्टी का दबदबा दिखा, वहीं भारतवंशियों का भी खूब बोलबाला रहा। खास बात यह है कि इन नतीजों के बाद अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर फिर से उत्साह लौट आया है और खुद हिलेरी क्लिंटन ने नतीजों को लोकतंत्र की जीत बताया है। इसी के साथ यह भी स्पष्ट हो गया है कि देश वास्तव में क्या चाहता है। दरअसल, न्यूयार्क एक प्रवासी के नेतृत्व वाला शहर बन गया है। जोहरन ममदानी ने जीत के बाद कहा भी कि यह शहर प्रवासियों का ही था। गौरतलब है कि इस भारतवंशी नेता को हराने ने लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी थी। बावजूद इसके उनका जीतना यह साबित करता है कि न्यूयार्क के मतदाता मौजूदा सत्ता से किस कदर नाखुश हैं और वे मानते हैं कि अमेरिका प्रवासियों का भी देश है। यह उनके इस भरोसे और उम्मीद की भी जीत है, जो यह मानता है कि देश निरंकुशता से नहीं चलता। समझा जा सकता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के लिए आगे का रास्ता निर्बाध नहीं होने जा रहा है।

# अमेरिका में भारत मूल के मेयर की इंट्री से भारत पर क्या असर पड़ेगा?

भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। इस जीत के साथ डेमोक्रेट्स जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के पहले भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम मेयर बन गए हैं। 34 वर्षीय ममदानी ने शहर के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हराया है, जो एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। जोहरान ममदानी सात साल की उम्र में न्यूयॉर्क शहर आ गए थे। उनके पिता महमूद ममदानी युगांडा के फेमस लेखक हैं और भारतीय मूल के मार्क्सवादी विद्वान हैं। उनकी मां मीरा नायर एक पुरस्कार विजेता भारतीय-अमेरिकी फिल्म मेकर हैं, जिन्होंने 'मॉनसून वेडिंग' और 'द नेमसेक' जैसी फिल्में बनाई हैं।

ममदानी ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो और रिपब्लिकन कर्टिस स्लीवा को हराया है। अब ममदानी को अमेरिका के सबसे बड़े शहर की मांगों को पूरा करना होगा और महत्वाकांक्षी चुनावी वादों को पूरा करना होगा। इस जीत के साथ ममदानी ने, डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट शहर के पहले मुस्लिम मेयर, दक्षिण एशियाई मूल के पहले व्यक्ति और अफ्रीका में जन्मे पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास में अपनी जगह बना ली है। ममदानी 1 जनवरी को पदभार संभालेंगे और इस सदी के सबसे युवा मेयर भी बन जाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने काफी जोर लगाया था कि ममदानी मेयर का पद न जीतें, लेकिन ऐसा हो न सका। ममदानी की जीत से डेमोक्रेट्स को बल मिलेगा। बता दें कि शहर के चुनाव बोर्ड के अनुसार, इस चुनाव में 50 से अधिक वर्षों में मेयर पद के लिए सबसे अधिक मतदान हुआ, जिसमें 2 मिलियन से अधिक न्यूयॉर्क के लोगों ने वोटिंग में हिस्सा लिया।

ममदानी ने चुनाव के दौरान अपना इलेक्शन कैंपेन जमीनी स्तर पर चलाया और इसका असर नजर भी आया है। ममदानी के करिश्मे ने कुओमो की राजनीतिक वापसी की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पूर्व गवर्नर ने चार साल पहले यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया था। वह पूरे चुनाव के दौरान अपने अतीत से जूझते रहे और नकारात्मक अभियान चलाने के लिए उनकी आलोचना की गई। ममदानी की पूरे चुनाव अभियान के दौरान उनके कमज़ोर रेज़्यूमे के लिए आलोचना की गई थी। अब अगले साल पदभार ग्रहण करने से पहले अपने नए प्रशासन में कर्मचारियों की भर्ती शुरू करनी होगी और यह तय करना होगा कि वे उस महत्वाकांक्षी, लेकिन ध्रुवीकरणकारी एजेंडे को कैसे पूरा करेंगे, जिसने उन्हें जीत दिलाई।

राष्ट्रपति ट्रंप ने पूरा जोर लगा लिया था कि ममदानी मेयर की चेयर तक न पहुंचे। ऐसे में अब यह भी सवाल उठ रहा है कि वे ट्रंप से कैसे निपटेंगे, जिन्होंने शहर पर कब्ज़ा करने और ममदानी के जीतने पर उन्हें गिरफ़्तार करके निर्वासित करने की धमकी दी थी। ममदानी का



जन्म युगांडा में हुआ था, जहां उन्होंने अपना शुरुआती बचपन बिताया, लेकिन उनका पालन-पोषण न्यूयॉर्क शहर में हुआ और वे 2018 में अमेरिकी नागरिक बन गए। गौरतलब है कि न्यूयॉर्क के नये मेयर जोहरान ममदानी अपने आप को 'डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट' कहते हैं और इस वजह से अमेरिका में बहुत सारी चिंताएं सामने आ रही हैं लेकिन क्यों? अमेरिका पूंजीवाद के लिए पहचाना जाता है जबकि समाजवाद पूंजीवादी व्यवस्था की प्रतिक्रिया के रूप में उभरा है। ममदानी के आलोचकों का मानना है कि उनकी नीतियां न्यूयार्क जैसे शहर के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं, यहां पर कारोबार खत्म हो सकते हैं और शहर का कामकाज सरकार के नियंत्रण और टैक्स व्यवस्था के अंदर आ सकता है। ममदानी के समर्थकों का मानना है कि उनकी जीत डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले MAGA (Make America Great Again) आंदोलन का मुकाबला करने के लिए जरूरी है क्योंकि ट्रंप सरकार की नीतियां अमेरिका को आर्थिक और सामाजिक दक्षिणपंथ की ओर ले जा रही हैं।हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब ममदानी से यह पूछा गया कि क्या वह पूंजीवाद को पसंद करते हैं तो उन्होंने कहा- नहीं और खुद को डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट बताया। इसका मतलब समझाने के लिए उन्होंने मार्टिन लूथर किंग का हवाला देते हुए कहा, 'लोकतंत्र कहें या लोकतांत्रिक समाजवाद, इस देश में ईश्वर की सभी औलादों के लिए धन का बेहतर बंटवारा होना चाहिए।'ममदानी ने कहा कि उनका ध्यान अमेरिका में बढ़ रही असमानता पर है। अब हमें यह समझना होगा कि न्यूयॉर्क की आर्थिक स्थिति कैसी है। Fiscal Policy Institute (FPI) के मुताबिक, न्यूयॉर्क मंदी और बढ़ती महंगाई के दौर में प्रवेश कर चुका है। न्यूयॉर्क के फेडरल रिजर्व बैंक के मुताबिक, 2022 में न्यूयॉर्क शहर की GDP $1.2 ट्रिलियन थी जो भारत की GDP के एक-तिहाई के बराबर है और कोरोना की महामारी से पहले न्यूयॉर्क काफी तेजी से आगे बढ़ रहा था लेकिन महामारी के बाद से इस शहर की इकोनॉमी और रोजगार को बहुत बड़ा झटका लगा और वह अब तक इससे उबर नहीं पाया है। न्यूयॉर्क में जमीन और मकान की कीमतें बेहद ऊंची हैं। 2022 में यहां की औसत घरेलू आय 72,000 प्रति वर्ष थी जबकि घर की औसत कीमत 724,000 थी।ममदानी ने चुनाव अभियान के दौरान कहा था कि वह लाखों किराएदारों के लिए किराया फ्रीज कर देंगे, बसों को तेज और मुफ्त कर देंगे और बच्चों की देखभाल के लिए यूनिवर्सल चाइल्ड केयर का इंतजाम करेंगे और इनका खर्च अरबपतियों पर टैक्स लगाकर निकालेंगे।ममदानी ने कहा था, 'वही अरबपति लोग जिन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस में पहुंचाया और अब जो एंड्रयू कुओमो के चुनाव अभियान को फंड कर रहे हैं।' न्यूयार्क में 70% परिवार अपने घर किराए पर देते हैं। ममदानी का कहना है कि न्यूयॉर्क के लोग मानते हैं कि किराने के सामान की कीमत उनकी कमाई से ज़्यादा तेजी से बढ़ रही है। ममदानी ने कहा है कि वे न्यूयार्क में किराना दुकानों का एक ऐसा नेटवर्क बनाएंगे जो मुनाफा कमाने पर नहीं, बल्कि कीमतें कम रखने पर फोकस करेगा। सरकारी किराने की दुकानें खोली जाएंगी ताकि ऊंची कीमतों से लोगों को राहत मिले। ममदानी न्यूनतम वेतन भी बढ़ाना चाहते हैं। ममदानी का कहना है, 'दुनिया के सबसे अमीर शहर में, न्यूनतम वेतन पाने वाले व्यक्ति को गरीबी में नहीं जीना चाहिए।' ममदानी ने कहा था कि वह मेयर के तौर पर, ऐसे कानून का समर्थन करेंगे जिसमें 2030 तक न्यूयॉर्क शहर में न्यूनतम वेतन को 30 डॉलर प्रति घंटे तक बढ़ाने का प्रस्ताव होगा।अब सवाल यह है कि ममदानी की नीतियों को लेकर आखिर किस बात की चिंता है या इसमें समस्या क्या है? पहली बात यह है कि अगर सरकार कीमत या मजदूरी तय करती है तो वह समस्याओं को हल कर सकती है, ऐसा अर्थशास्त्री नहीं मानते। रिसर्च से इस बात का पता चलता है कि अगर किराए को फ्रीज कर दिया जाता है तो इससे कुछ मदद तो मिलती है लेकिन इस तरह के कदमों से घरों का बनना रुक जाता है और इससे बाद में किराएदारों के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती हैं।दूसरी बात यह है कि जब दुकानें सरकार के अधीन होती हैं तो इसमें उनके कामकाज को लेकर चिंता होती है और साथ ही भ्रष्टाचार की भी बातें सामने आती हैं।तीसरी चिंता टैक्स को लेकर है। ज्यादा टैक्स लगाए जाने से कारोबारी शहर छोड़ कर जा सकते हैं और इससे शहर की आर्थिक रफ्तार पर असर पड़ सकता है। चुनाव अभियान के दौरान एक डिबेट में ममदानी के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार ने कहा था कि अगर ममदानी की टैक्स नीति को लागू किया जाता है तो न्यूयॉर्क की कंपनियां न्यू जर्सी से दोगुना, कनेक्टिकट से तीन गुना और फ्लोरिडा से पांच गुना अधिक टैक्स देंगी। उनका कहना था कि इससे कारोबार और नौकरियां शहर से बाहर चली जाएंगी और न्यूयार्क शहर बर्बाद हो जाएगा। इधर जोहरान ममदानी की जीत पर मुंबई भाजपा खुश नहीं लगते है । मुंबई भाजपा नेता अमित साटम ने जोहरान ममदानी की जीत पर बड़ा हमला बोला है। अमीत साटम जो मुंबई भाजपा के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि हम किसी खान को मुंबई का मेयर नहीं बनने देंगे। अमीत साटम को भाजपा ने कुछ समय पहले ही मुंबई यूनिट के संगठन की कमान सौंपी हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी के मेयर बनने पर मुंबई भाजपा अध्यक्ष का यह बयान चर्चा में आ गया है। उनके इस विवादित बयान पर अभी विपक्ष की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अमित साटम अंधेरी से भाजपा के विधायक भी हैं। वह पूर्व में भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे के पीए थे। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनाव 2 दिसंबर को होंगे। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। अमीत साटम ने यह पोस्ट मराठी भाषा में की है। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष और अंधेरी पश्चिम से विधायक अमित साटम ने अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में भारतीय मूल के नेता जोहरान ममदानी की मेयर पद पर जीत का हवाला देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि ध्यान रहे, मुंबई में कोई खान मेयर न बने। अमित साटम एक बार पहले भी यह बयान दे चुके हैं, हालांकि ऐसे में जब न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी की जीत हुई है। वह न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर बने हैं तब अमित साटम ने फिर से यह बयान दोहराया है। पहले उन्होंने पार्टी की विजय संकल्प रैली में यह बयान दिया था, लेकिन इस बाद ममदानी की जीत के बाद उनकी पोस्ट ज्यादा सुर्खियों में आ गई है। मुंबई में काफी समय से उद्धव ठाकरे का मेयर के पद पर कब्जा रहा है। शिवसेना के टूटने के बाद बीजेपी की नजर इस बार मेयर की कुर्सी पर है। बीजेपी कह रही है कि महापौर महायुति से होगा। मुंबई में अमित साटम ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब चुनावों की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मुंबई में 'ठाकरे ब्रदर्स' जहां भाषा और क्षेत्रवाद का कार्ड खेल रहे हैं तो वहीं अब साटम ने धर्म की एंट्री करा दी है। अमित साटम श्री श्री रविशंकर के फॉलोअर हैं। वह कुछ समय के लिए कारपोट सेक्टर में एचआर की नौकरी भी कर चुके हैं। मुंबई में बीजेपी ने बीएमसी चुनाव अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी और शिंदे की अगुवाई शिवसेना के साथ लड़ने का फैसला किया है। एमवीए में थोड़ी उलझन है। ठाकरे ब्रदर्स के साथ आने पर कांग्रेस का स्टैंड क्या होगा? अभी क्लियर नहीं है। मुंबई बीएमसी देश की सबसे अमीर महानगरपालिका है। अभी तक उद्धव ठाकरे का वर्चस्व रहा है। अब देखना है कि ठाकरे ब्रदर्स साथ आकर अपने गढ़ को बचा पाते हैं या फिर नहीं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने वर्सोवा से हारून खान को उतारा था। वह विधानसभा चुनाव जीतने में सफल रहे थे।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# आंचलिक

## होंडा शोरूम में चोरी का आरोपी बड़वानी से गिरफ्तार, 2.40 लाख रुपए बरामद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन ●** खरगोन में बिस्टान रोड स्थित होंडा शोरूम में 28 अक्टूबर की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को बड़वानी जिले के खेतिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी के 2.40 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। यह चोरी 4.75 लाख रुपए की थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। उसका साथी अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी पर बड़वानी जिले के खेतिया थाने में भी चोरी का एक मामला दर्ज है। एसपी रवींद्र वर्मा ने इस चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इस चोरी में निवाली, जिला बड़वानी निवासी जीतू पिता हरेसिंह शामिल हो सकता है। पुलिस ने जीतू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल



किया। आरोपी ने चोरी के कुछ रुपयों से कपड़े खरीदे थे। आरोपी जीतू को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस उसके दूसरे साथी की तलाश में जुटी है। इस मामले में 29 अक्टूबर को फरियादी विशाल भंडारी ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके बिस्टान रोड स्थित होंडा शोरूम सर्विस सेंटर से बदमाश शटर तोड़कर कैश काउंटर और स्पेयर पार्ट्स के गल्ले से 4 लाख 75 हजार 402 रुपए चुरा ले गए थे। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331 (4) और 305 (ए) के तहत मामला दर्ज किया था।

## ड्यूटी से लौट रहे पटवारी की एक्सीडेंट में मौत, आयशर ने रौंदा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** ओंकारेश्वर ड्यूटी से लौट रहे एक पटवारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। रास्ते में घोसली गांव के पास बाइक सवार पटवारी को आयशर गाड़ी ने टक्कर मारी दी। चपेट में आए पटवारी को सिर व सीने पर चोटें आई, जिससे कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सनावद में पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को शव खंडवा लाया गया। पुनासा तहसील के दियानतपुरा में पदस्थ पटवारी संजय पिता गौरीशंकर चौरे (54) की मौत हो गई हैं। उनकी ड्यूटी नर्मदा पंचक्रोशी पदयात्रा के दौरान मंगलवार को ओंकारेश्वर में लगाई गई थी। वे रातभर से ओंकारेश्वर में थे, सुबह के समय दादा गुरु की यात्रा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल भी शामिल हुए, इसी कार्यक्रम के बाद राजस्व विभाग के कई कर्मचारी ड्यूटी से मुक्त हो गए। इनमें पटवारी संजय चौरे भी थे, जो कि दोपहर 12 बजे अपने घर खंडवा के लिए निकले, रास्ते में हादसा हो गया।



## यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भी मांधाता क्षेत्र से एनएसयूआई नेता हार गए जिलाध्यक्ष का चुनाव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●**ऑनलाइन वोटिंग के माध्यम से हुए यूथ कांग्रेस चुनावों के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इन चुनावों में मांधाता क्षेत्र के अनिल जाधव ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए खंडवा जिला अध्यक्ष पद हासिल किया। जाधव ने कांग्रेस की स्टूडेंट विंग एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल को हराया। खास बात यह है कि अनिल जाधव और कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपालसिंह पुरनी, दोनों मांधाता विधानसभा क्षेत्र से हैं। वहीं, निर्वाचित सभी विधानसभा अध्यक्ष भी पुरनी गुट से आने वाले बताए जा रहे हैं, जिससे जिले में इस गुट का प्रभाव एक बार फिर साफ दिखाई दिया है।

### अब देखें किस पद पर किसे कितने वोट मिले-

**जिला अध्यक्ष पद**
अनिल जाधव - 4212 वोट
अक्षत अग्रवाल - 3024 वोट



शहजाद पंवार - 2605 वोट
प्रियेश जोशी - 121 वोट
खंडवा विधानसभा अध्यक्ष
सागर पंवार - 1906 वोट
शोएब शाह - 1202 वोट
चंदन सिंह - 222 वोट
मांधाता विधानसभा अध्यक्ष
युवराज सिंह तोमर - 2448 वोट
अनुराग सिंह सोलंकी - 580 वोट
पंधाना विधानसभा अध्यक्ष
आदित्य राज सिंह - 2399 वोट
परमीत - 575 वोट

## भाजपा राजनीतिक दल नहीं एक परिवार है: पंकज टेकाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर●** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के गुरुवार को पहली बार बुरहानपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सांसद कार्यालय में नेपानगर विधायक मंजू दादू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। नेपानगर विधायक मंजू दादू ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि पंकज टेकाम के नेतृत्व में मोर्चा मध्यप्रदेश में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और पार्टी तथा संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। विधायक ने यह भी सुझाव दिया कि जिन जिलों में जनजातीय समाज की संख्या अधिक है, वहां संगठन का जनजातीय कार्यालय होना चाहिए। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस को लेकर जिले में होने वाले विभिन्न आयोजनों और उनकी तैयारियों



पर भी बात रखी। इस दौरान नेपानगर विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल के साथ-साथ एक परिवार है। पार्टी कार्यकर्ता इस परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस कराने के लिए पूरा प्रयास करने का आश्वासन दिया। टेकाम ने कहा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दिन-रात खड़े रहेंगे और उनके प्रति अपनी असीम श्रद्धा व लगाव में कभी कमी नहीं आने देंगे।

## पुलिस का 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान, स्कूली बच्चों को गुड टच-बैड टच, सुरक्षा हेल्पलाइन की जानकारी दी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर●** महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 'ऑपरेशन मुस्कान' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 नवंबर को शुरू हुआ था और 30 नवंबर तक जारी रहेगा। बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत, थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल पवार और उनके स्टाफ ने ग्राम खड़कोद के आदर्श विद्यापीठ स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। इसी प्रकार, थाना प्रभारी लालबाग अमित जादौन और उनके स्टाफ ने लालबाग हाईस्कूल में, जबकि थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी और उनके स्टाफ ने सेवा सदन हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए।

इन कार्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों, 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बाल अधिकारों, उनकी सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव के



तरीकों और मदद के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया। पुलिस टीम ने बच्चों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी शंकाओं का समाधान किया। इन कार्यक्रमों में विद्यालयों के शिक्षक, छात्र और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बुरहानपुर पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य बच्चों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

## हवा में उड़ता हुआ गिरा बाइक सवार... कार ने मारी टक्कर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** गुरुवार एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक करीब 5 फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरा। इसके बाद पलटियां खाते हुए 8-9 फीट तक चला गया। उसकी रीढ़ की हड्?डी में गंभीर चोटें आई हैं। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा शहर के नवचंडी मंदिर के पास एक सुपर मार्केट के सामने मोड़ पर हुआ। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक आनंद नगर की तरफ जा रहा था, तभी गुर्जर अस्पताल की तरफ से तेज रफ्तार कार आ रही थी। तिराहे पर दोनों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार लगभग 100 मीटर आगे चली गई। घायल बाइक सवार को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

रहवासियों ने बताया कि इस मोड़ पर अक्सर हादसे होते हैं। तेज रफ्तार वाहन चालक और मोड़ की स्पष्ट जानकारी न



होने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय व्यवसायी रजत लाड़ ने कहा कि यहां स्पीड ब्रेकर नहीं है। नगर निगम को सड़क के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर और टर्न की संकेत पट्टी लगानी चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले महीने इसी जगह पर भी एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। खंडवा में इसी मोड़ पर करीब दो महीने पहले एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। बाइक पर सवार व्यक्ति उछलकर नीचे गिरा, उसके पैर की हड्डी टूटकर चकनाचूर हो गई। घायल को इंदौर रेफर किया गया था। हादसे का वीडियो भी सामने आया था।

# डब्ल्यूपीएल 2026: गुजरात ने लॉरा और उप्र ने दीप्ति को किया रिलीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • गुजरात जायंट्स ने लॉरा वुलफार्ट को रिटेन न करने का बड़ा फैसला लिया है क्योंकि सभी पाँच टीमों ने डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की पुष्टि कर दी है। वुलफार्ट हाल ही में संपन्न हुए एकदिवसीय विश्व कप में शीर्ष स्कोरर रहीं और दक्षिण अफ्रीका को फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन नियमों के अनुसार केवल दो विदेशी खिलाड़ियों को ही रिटेन किया जा सकता है, इसलिए जायंट्स ने बेथ मूनी और एश्ले गार्डनर की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को चुना। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, वुलफार्ट के अलावा, एक और बड़ा नाम जिसे रिटेन नहीं किया गया है, वह हैं भारत की



शीर्ष ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा। विश्व कप विजेता ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। दीप्ति ने 2024 में डब्ल्यूपीएल में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी



जीता था। उम्मीद के मुताबिक, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी अन्य बड़ी भारतीय स्टार खिलाड़ियों को उनकी संबंधित टीमों ने रिटेन किया है।

## रंगराजन आरसीबी महिला टीम के मुख्य कोच, ल्यूक विलियम्स की लेंगे जगह



**बंगलुरु (एजेंसी)** • मालोलन रंगराजन को आगामी महिला प्रीमियर लीग सीजन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह ल्यूक विलियम्स का स्थान लेंगे, जो 2024 से इस पद पर कार्यरत हैं। आगामी सीजन के जनवरी की शुरुआत में शुरू होने के साथ, विलियम्स बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी प्रतिबद्धता में व्यस्त रहेंगे। तमिलनाडु के पूर्व खिलाड़ी मालोलन पिछले छह वर्षों में फ्रेंचाइजी के साथ विभिन्न पदों पर रहे हैं। पिछले दो वर्षों से, वह महिला टीम के सहायक कोच के रूप में कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति पर बात करते हुए, कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं और मुझे हमारी क्रिकेट संबंधी चर्चाओं में बहुत मज़ा आया।

## आईपीएल 2026 सत्र में भी धोनी खेलेंगे : कासी विश्वनाथ

**चेन्नई (एजेंसी)** •आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुख्य कार्यकारी कासी विश्वनाथ ने कहा है कि आईपीएल 2026 सत्र में भी महेन्द्र सिंह धोनी के खेलने की संभावनाएं हैं। इसी के साथ ही धोनी के आईपीएल से संन्यास की अटकलों पर भी विराम लग गया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि धोनी अब भी खेल में बने रहना चाहते हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में एक यूट्यूब चैनल पर जब प्रशंसकों ने कासी से धोनी के भविष्य को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि वह अभी आईपीएल से संन्यास नहीं ले रहे। वहीं जब उनसे पूछा गया कि धोनी आखिर कब संन्यास लेंगे, तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, मैं उनसे पूछकर बताता हूं।

आईपीएल का पिछला सत्र सीएसके और धोनी के लिए काफी खराब रहा था। टीम 14 में से केवल 4 मैच ही जीत पायी थी और पहली बार अंक तालिका में सबसे नीचे रही। कप्तान रुतुराज



गायकवाड़ के सत्र में ही चोटिल होने के बाद धोनी को एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ी थी हालांकि उनके कमान संभालने के बाद भी टीम का प्रदर्शन सुधर नहीं पाया। वहीं कासी ने कहा, हम जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। यह तय नहीं कि ट्रॉफी मिलेगी पर हमारी तैयारी पूरी है। हम इस बार अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहते हैं। धोनी की कप्तानी में सीएसके ने अब तक पांच आईपीएल खिताब जीते हैं।

# छोटी फिल्मों का थियेटर में जगह बनाना मुश्किल: हुमा



**मुंबई (एजेंसी)** • सीमित संसाधनों में बनी छोटी फिल्मों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होती है थिएटर में स्क्रीन और शो टाइम की कमी। यही वजह है कि कई बार मजबूत कहानी और उत्कृष्ट अभिनय के बावजूद, ये फिल्में दर्शकों तक नहीं पहुंच पातीं। इसी मुददे को लेकर हाल ही में अभिनेत्री और निर्माता हुमा कुरैशी ने इसी मुद्दे पर खुलकर आवाज उठाई। उनकी फिल्म सिंगल सलमा को देशभर में बेहद सीमित स्क्रीन पर रिलीज किया गया, जिससे उन्होंने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की।

हुमा ने लिखा, ''सिंगल सलमा' जैसी फिल्मों में न तो बड़े स्टार होते हैं और न ही करोड़ों का मार्केटिंग बजट। ऐसे में थिएटर में अपनी जगह बनाना बेहद मुश्किल हो जाता है। सिस्टम अब भी उन्हीं फिल्मों को प्राथमिकता देता है, जिनमें बड़ा नाम या बड़ा पैसा जुड़ा होता है।' हुमा की इस पोस्ट ने दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री दोनों में व्यापक बहस छेड़ दी। देश के कई शहरों—जैसे दिल्ली, लखनऊ, कोलकाता और पटना के फैंस ने उनकी बात का समर्थन किया और थिएटर मालिकों से फिल्म के शो बढ़ाने की मांग की। कई दर्शकों ने सोशल मीडिया पर टिकट बुकिंग ऐप्स के स्क्रीनशॉट साझा किए, जिनमें दिख रहा था कि सिंगल सलमा के शो या तो हाउसफुल हैं या फिर उपलब्ध ही नहीं।

## फिल्म 'तेरे इश्क में' की टीम में अब प्रियांशु भी शामिल

**मुंबई (एजेंसी)** • निर्देशक आनंद एल राय अपनी नई फिल्म 'तेरे इश्क में' की टीम में अब अभिनेता प्रियांशु पेन्युली भी शामिल हो गए हैं, जिनका जुड़ना दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा रहा है। अपने अलग अंदाज और सशक्त अभिनय से पहचान बनाने वाले प्रियांशु ने इस फिल्म को अपने करियर का खास अध्याय बताया है। एक बातचीत में प्रियांशु ने कहा, 'फिल्म तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। आनंद एल राय जैसे अनुभवी निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिलना किसी भी अभिनेता के लिए सौभाग्य होता है।



धनुष और कृति से अभिनय की बारीकियां सीखने का अवसर मिला। उनके साथ स्क्रीन साझा करना एक यादगार अनुभव रहा। यह फिल्म मेरे जीवन के एक खूबसूरत पड़ाव की तरह है।' प्रियांशु ने आगे कहा कि तेरे इश्क में उनके लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव वाली यात्रा है। उन्होंने बताया, 'फिल्म रांझणा ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी थी। अब मुझे उसी भावनात्मक गहराई वाली कहानी का हिस्सा बनने का मौका मिला है। यह फिल्म प्यार, चाहत और रिश्तों की उलझनों को नए अंदाज में दिखाएगी।

## उज्जैन संभाग

# नागदा में अनोखा विरोध, बुजुर्ग ने शिकायती पत्रों की माला पहनकर जनसुनवाई में लगाई गुहार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •स्कूल भवन की मांग करते-करते तंग आ चुके भड़ला गांव के 72 वर्षीय अंबालाल परमार को अपनी बात अधिकारियों के सामने रखने का जब कोई विकल्प नहीं सूझा तो वे शिकायत पत्रों की माला पहनकर तहसील कार्यालय पहुंच गए। अपनी बात रखने के इस अनोखे अंदाज को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। मामला उज्जैन से 55 किलोमीटर दूर स्थित नागदा का है। यहां मंगलवार को जनसुनवाई थी। परमार साल 2024 से अब तक स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर 25 पत्र शासन को लिख चुके हैं। इसके बाद भी स्कूल भवन नहीं बना और बच्चों को पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ना पड़ रहा है।



अपनी उपेक्षा और स्कूल की मांग की अनदेखी से नाराज परमार ने आखिर यह रास्ता चुना।

### पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

अंबालाल परमार ने बताया कि उनके गांव भड़ला में 2013 से सरकारी स्कूल भवन नहीं है और बच्चे आज भी पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं। इस मुद्दे को लेकर वे बीते एक साल में कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही उन्होंने नागदा के एक धार्मिक एवं पुरातात्विक स्थल के संरक्षण की मांग भी की थी, जिसका भी समाधान नहीं हुआ।

### पदयात्रा कर नागदा पहुंचे

अपनी मांगों को गंभीरता से लिए जाने की उम्मीद में परमार 15 किलोमीटर पदयात्रा कर नागदा पहुंचे। कार्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक शांतिपूर्ण धरना दिया और बाद में एसडीएम रंजना श्रीवास्तव को शिकायतों की माला सौंपकर त्वरित निराकरण की मांग की। बुजुर्ग का कहना है कि जब तक गांव के बच्चों को पक्का स्कूल भवन नहीं मिलता, वह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

### कम खर्च में कराई बेटियों की शादी

अंबालाल परमार सामाजिक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने इंदौर एवं उज्जैन संभाग में सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से लगभग 2000 बेटियों की शादियां कम खर्च में कराई हैं। वर्ष 1965 से अब तक वे मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र सहित 18 प्रांतों में लगभग 2 लाख 35 हजार किलोमीटर पदयात्रा कर चुके हैं।



# राष्ट्रीय राजमार्गों पर लावारिस गोवंश का जमावड़ा, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • आगर-मालवा जिले से गुजरने वाले प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर लावारिस गोवंश का जमावड़ा गंभीर समस्या बन गया है। उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग, कानड़ मार्ग और बड़ौद मार्ग पर अक्सर ऐसी स्थिति देखी जाती है। गुरुवार को भी शहर से बाहर निकलते ही सड़क के दोनों ओर और बीच में बड़ी संख्या में गोवंश बैठे मिले, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर डिवाइडर पर लावारिस गोवंश का बैठना एक सामान्य दृश्य है। तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक पशुओं के आ जाने से वाहन चालकों को संतुलन खोना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। रात के समय, कम दृश्यता के कारण यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है।

### सड़क पर मवेशियों के कारण बन रही जाम की स्थिति।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण यह समस्या लगातार बढ़ रही है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से लावारिस गोवंश भटकते हुए सीधे मुख्य मार्गों तक पहुंच जाते हैं।

यातायात व्यवस्था और जन सुरक्षा को देखते हुए, जिला प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है। मांग है कि लावारिस गोवंश को सुरक्षित गौशालाओं में रखा जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

### सैकड़ों गायों को रेडियम बेल्ट पहनाए

यातायात सूबेदार जगदीश यादव ने बताया कि विभाग की ओर से अब तक सैकड़ों गायों को रेडियम बेल्ट पहनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी है, जिसका उद्देश्य गोवंश को दुर्घटनाओं से बचाना है।

## कृष्ण पक्ष की द्वितीया पर डॉयफ्रूट से श्रंगार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • अगहन मास कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि पर आज शुक्रवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन किए। मस्तक पर चन्द्र लगाकर भस्म आरती में दर्शन दिए। जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से भी गुंजायमान हो गया। मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध मंदिर में अगहन माह कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि पर आज सुबह भस्म आरती हुई। इस दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। जिसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया गया। इस दौरान बाबा महाकाल का आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार कर कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट के धारण कराया गया। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई। आज के श्रृंगार की विशेषता यह थी कि आज बाबा महाकाल के मस्तक पर चन्द्रमा लगाकर श्रृंगार किया गया। भस्म आरती में आज बाबा महाकाल नेका आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार किया गया। लाभ हजारों भक्तों ने लिया और जय श्री महाकाल का जयघोष भी किया।

## युवक को ट्रेन के सामने फेंका, पैर कटा, पुलिस की बड़ी चूक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • चार बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर उसके पास रखे 500 रुपए छीन लिए। इसके बाद उसे रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। सामने से आ रही ट्रेन से उसका एक पैर कट गया। वहीं दूसरे पैर में गंभीर चोट आई। इसके बाद युवक वहीं थोड़ी देर तक बेहोश रहा। घटना बुधवार रात की है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद घायल को चरक अस्पताल में पहुंचाया। इस दौरान पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई। घायल युवक कहता रहा कि मेरा एक पैर नहीं है। लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी। घटना के करीब 12 घंटे बाद पुलिस कटा पैर अस्पताल लेकर पहुंची। इसके बाद कटे पैर के साथ युवक को इंदौर रेफर किया गया है।

### बदमाशों ने ट्रेन आने तक पकड़ा रखा

मक्सी के पास पलदूना का रहने वाला 35 साल के लखन सिंह ने बताया कि वह उज्जैन के देवास गेट पर रहकर मजदूरी कर रहा था। बुधवार रात करीब 8 बजे मजदूरी के बाद जीरो प्वाइंट से खाना पैक करवाकर रेलवे पटरी



से होता हुआ देवास गेट आ रहा था। तभी चार बदमाशों ने मुझे जीरो प्वाइंट ब्रिज के नीचे रोक लिया और मारपीट कर मेरे पास रखे 500 रुपए छीन लिए। चारों ने मारपीट करते हुए मेरे हाथ और पैर पकड़कर रेलवे पटरी पर रख दिए और जब तक ट्रेन पास नहीं आ गई तब तक छोड़ा नहीं। इसके बाद वे भाग गए। जीआरपी थाना पुलिस को मामले की जानकारी ही नहीं थी। जब सुबह जांच अधिकारी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं घटी है। बाद में जीआरपी एएसआई सावन सिंह ने बताया कि युवक का पैर अस्पताल पहुंचाने के बाद, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे इंदौर रेफर किया गया है।

**न्यूज ब्रीफ**

## खुले में पेट्रोल के विक्रय पर लगा प्रतिबंध

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 1 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा।

## बगैर अनुमति के आयोजन करने पर प्रतिबंध

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था / राजनैतिक संगठन / अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है ।सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं प्रतिबंधित होंगे।

# प्रदेश युवक कांग्रेस के चुनाव में सत्यनारायण पटेल ने दिखाया दबदबा

## जिले के अधिकांश पदाधिकारी पटेल के रिश्तेदार

निलेश चौहान : 94250-77209

देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत

देपालपुर / मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस चुनाव के परिणाम कल लगभग 2:00 बजे जारी हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया जबलपुर से प्रदेश महासचिव पद पर चेतन चौधरी निर्वाचित हुए इंदौर जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ देपालपुर विधानसभा अध्यक्ष शुभम सुनेर, सांवेर विधानसभा से प्रदीप दरबार महूँ विधानसभा से ओम पटेल निर्वाचित हुए सभी निर्वाचित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का स्वागत राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल के निवास पर हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। सबसे बड़ी बात यह है कि युवा कांग्रेस में अधिकतर प्रत्याशी पटेल परिवार से जुड़े हैं। और इन्होंने एक तरफा जीत हासिल की साथ ही चेतन चौधरी राधेश्याम पटेल एवं सत्यनारायण पटेल के भांजे हैं कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से सक्रिय है युवक कांग्रेस मैं प्रत्याशियों को जीतने के लिए चौधरी ने जमकर पसीना बहाया और सभी को जोरदार जीत दिलाई साथ ही चौधरी अब मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने हैं। चौधरी के पास जिले में युवाओं की लंबी फौज है। पूर्व में युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह के साथ भी इन्होंने प्रदेश भर में काम किया है। जैसे ही चौधरी को प्रदेश महासचिव बनने की खबर मिली बधाई देने वालों का ताता लग गया ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला चौधरी ने सभी का अभिवादन किया।







चेतन चौधरी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने और एक-एक कार्यकर्ताओं ने जो विश्वास मुझ पर किया है। मैं उस पर खरा उतारूंगा कांग्रेस परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा प्रदेश भर में युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे साथ ही भाजपा सरकार में अन्नदाताओं के साथ हो रहा अन्याय के खिलाफ लड़ाई हम खुलकर लड़ेंगे और आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने हैं यही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता और एक-एक कांग्रेस के कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं।

स्वागत में वरिष्ठ नेता राधेश्याम पटेल, पार्षद सीमा सोलंकी ,शक्ति सिंह गोयल , विजय राठौड़ (बंटी) पवन मंडलोई, राहुल पटेल, मुकेश पटेल, गौरव पटेल, निर्भय सिंह सोलंकी, रामचरण दयाल कहीं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ड्रोन की नजर से कहीं भी अपराध हुआ तो तुरंत धरे जाएंगे अपराधी और संदिग्ध

## चप्पे चप्पे पर ड्रोन की होगी आंख

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर में बढ़ते अपराध, छेड़छाड़ की घटनाएं, चाकुबाजी, चेन और मोबाइल स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अब इंदौर पुलिस ने एक नया तरीका ईजाद किया है। पुलिस अब इंदौर के ऐसे इलाकों की निगरानी ड्रोन कैमरे से करेगी, जहां अपराधी ज्यादा सक्रिय हैं या जो इलाके अपराधिक गतिविधियों को लेकर ज्यादा संवेदनशील हैं।

6 नवंबर से लागू हो जाएगी व्यवस्था : बता दें कि यह नई व्यवसथा 6 नवंबर से लागू हो जाएगी। पुलिस टीमें हॉटस्पॉट, सुनसान इलाकों और तंग गलियों में ड्रोन से निगरानी कर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करेगी। जिससे रियल-टाइम जानकारी से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। बता दें कि जोन 02 व 03 में पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ड्रोन से सघन पेट्रोलिंग और



चेकिंग की। इस दौरान टीमों ने तंग गलियों और मोहल्लों में भी ड्रोन से बारीकी से निगरानी की और कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई। कमिश्नर के आदेश पर लागू हुई नई व्यवस्था : शहर में बढ़ते अपराध पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। इन अपराधों पर लगाम लगाने और पुलिसिंग को और ज्यादा चुस्त-दुरुस्त करने के लिए ड्रोन की यह नई व्यवस्था शुरू की है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए ड्रोन का उपयोग करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था तुरंत और प्रभावी तरीके से लागू की जाए ताकि शहर को अपराध मुक्त किया जा सके। कहां कहां नजर रखेगा ड्रोन : पुलिस कमिश्नर के मुताबिक इस कदम का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाना है। शहर के कई 'हॉटस्पॉट' व 'शैडो एरिया' (अंधेरे या सुनसान इलाके) ऐसे हैं, जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इन क्षेत्रों में पारंपरिक पेट्रोलिंग के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि ज?यादातर अपराध सुनसान इलाकों में, गलियों में और कुछ आउटर इलाकों में हो रहे हैं।

**स्थान संवेदनशील :** ड्रोन की मदद से पुलिस का फोकस विशेष रूप से उन स्थानों पर होगा, जहां अवैधानिक गतिविधियों की आशंका सबसे अधिक होती है। इनमें सुनसान इलाके, शराब की दुकानें, पान/सिगरेट की गुमटियों के आसपास के क्षेत्र, खाली मैदान और गार्डन शामिल हैं। ड्रोन के माध्यम से इन सभी जगहों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट की टीमों का मानना है कि ड्रोन पेट्रोलिंग से संदिग्ध व्यक्तियों और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकती है।

# एमवाय अस्पताल में खुला एमपीए का पहला मुफ्त एलर्जी क्लिनिक

## अब तक 100 मरीजों की जांच पूरी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● प्रदेश में अब एलर्जी की जांच के लिए मरीजों को निजी अस्पतालों के खर्च से मुक्ति मिल गई है। इंदौर स्थित महाराजा यशवंतराव (एमवाय) अस्पताल में प्रदेश का पहला एलर्जी क्लिनिक शुरू किया गया है, जहां एलर्जी की जांच और उपचार नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

नाक, कान, गला विभाग में संचालित इस क्लिनिक की प्रमुख डॉ. यामिनी गुप्ता ने बताया कि बड़ी संख्या में मरीज छींक, नाक बहना, आंखों में जलन और त्वचा पर खुजली की शिकायत लेकर आते हैं। अब तक लगभग 100 मरीजों की 10 प्रकार की एलर्जी जांचें की जा चुकी हैं। निजी अस्पतालों में यही जांच पांच से दस हजार रुपये तक में होती है।

डॉ. गुप्ता के अनुसार, पहले मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री से ही एलर्जी का अनुमान लगाया जाता था, लेकिन सही कारणों की पहचान के लिए जांच जरूरी होती है। इस क्लिनिक में मरीजों की जांच के साथ रिसर्च भी की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में कौन सी एलर्जी अधिक सामान्य है। अभी तक गाजर घास और घर की धूल से एलर्जी वाले मरीज सबसे अधिक पाए गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, धूल-मिट्टी, परागकण, पालतू



जानवरों के बाल, खाद्य पदार्थ, मच्छर, मधुमक्खी के डंक, दवाइयां और कपड़े भी एलर्जी के सामान्य कारण हैं।

### एलर्जी से बचाव के उपाय

- धूल वाले स्थानों पर मास्क पहनें।
- पालतू जानवरों को नियमित रूप से नहलाएं।
- एलर्जी उत्पन्न करने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- घर के बिस्तर, परदे और सोफा नियमित साफ रखें।
- यह पहल न केवल मरीजों के लिए राहतभरी है, बल्कि एलर्जी के प्रकारों और कारणों पर राज्यस्तरीय शोध को भी गति देगी।

**तस्करी की आशंका पर 24 घंटे निगरानी**

# पैंगोलिन अब रालामंडल अभयारण्य में सुरक्षित

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर में 15 दिन पहले रतलाम से एक पैंगोलिन को रेस्क्यू कर लाया गया था। यह दुर्लभ प्रजाति का जीव फिलहाल रालामंडल अभयारण्य में सुरक्षित रखा गया है। तस्करी की आशंका के चलते इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वनकर्मी रोजाना एक-दो बार गश्त कर इसकी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

पैंगोलिन जिस स्थान पर रखा गया है, वहां पर्यटकों का जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। जानकारी के अनुसार, चिड़ियाघर में भी फिलहाल पैंगोलिन मौजूद नहीं है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, चीन और वियतनाम में दवाइयां बनाने के लिए दुर्लभ प्रजाति वाले पैंगोलिन की बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी की जाती है। इसी कारण इंदौर में इसे सुरक्षित रखकर विशेष निगरानी में रखा गया है। किसी भी पर्यटक को उस स्थान पर जाने की अनुमति नहीं है जहाँ इसे छोड़ा गया है। विभाग ने बताया कि रतलाम की एक कॉलोनी में यह



पैंगोलिन घूमता हुआ मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद इसे रालामंडल अभयारण्य में छोड़ने का निर्णय लिया गया। 23 अक्टूबर को वनकर्मी रतलाम से पैंगोलिन को लेकर इंदौर पहुंचे। इंदौर वनमंडल के अधिकारियों ने 234 हेक्टेयर में फैले अभयारण्य के सुरक्षित क्षेत्र में इसे छोड़ा है। अभयारण्य में पर्याप्त पानी और चीटियों की उपलब्धता होने के कारण इसके भोजन के लिए अलग से व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है। रेंजर योगेश यादव ने बताया कि गश्त के दौरान स्टाफ पैंगोलिन की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। उसे ऐसे क्षेत्र में छोड़ा गया है जहाँ नमी और उसका पसंदीदा भोजन चीटियां दोनों आसानी से मिल सकें। रालामंडल अभयारण्य के एसडीओ योहान कटारा ने बताया कि पैंगोलिन की तस्करी को देखते हुए स्टाफ को सतर्कता और देखभाल के निर्देश दिए गए हैं। इसे ऐसे क्षेत्र में छोड़ा गया है जहां आम लोगों या पर्यटकों का पहुंचना संभव नहीं है।

# एक तरफ अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश दूसरी तरफ शिक्षक चुनावी सेवा में

## शहर के लगभग 70 प्रतिशत स्कूल हुए खाली

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● मप्र में सरकारी स्कूलों का रिजल्ट सुधारने के लिए स्कूलों में एक्सट्रा क्लासेस लगाने का निर्देश शिक्षा विभाग ने दिया है। लेकिन विडंबना यह है कि इसी दौरान 2 नवंबर से वोटर लिस्ट के गहन परीक्षण यानी, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की शुरुआत हो गई है। इसमें कलेक्टर से लेकर एसडीएम, तहसीलदार-नायब तहसीलदार के साथ शिक्षक भी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर)बन डोर-टू-डोर जाकर वोटर्स को फॉर्म देने में लगे हैं। सरकारी स्कूलों के एसआईआर में लगने से एक्सट्रा क्लासेस का अभियान रूक गया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि स्कूलों का रिजल्ट कैसे सुधरेगा।

गौरतलब है कि मप्र बोर्ड के स्कूलों में 3 नवंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं, पर स्थिति यह है कि बीएलओ ड्यूटी में लगे कुल कर्मचारियों-अधिकारियों में से 60 फीसदी से अधिक संख्या शिक्षकों की है। इनमें 35 प्रतिशत प्राचार्यों को सुपरवाइजर बनाया गया है। ऐसे में शिक्षा विभाग का वह आदेश प्रभावित हो रहा है जिसमें रिजल्ट सुधारने एक्सट्रा क्लास लगाने का आदेश दिया गया था। मालूम हो कि तिमाही परीक्षा में राजधानी के 65 स्कूलों का रिजल्ट 30 फीसदी से कम रहा है। इस पर 3 नवंबर को सभी प्राचार्यों को भोपाल बुलाकर परिणाम सुधारने के आदेश दिए गए, ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### नहीं सुनी शिक्षकों की गुहार

एसआईआर के काम से नाम हटवाने और स्कूलों के नजदीकी क्षेत्रों ड्यूटी लगाने के लिए शिक्षक कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा चुके हैं।इतना ही नहीं अपने परिचित के अधिकारियों से फोन भी करा रहे हैं, लेकिन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और उप निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बीएलओ की ड्यूटी से किसी का नाम नहीं हटाया है।एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स को पढ़ाने वाले लेक्चरर प्राचार्य, उच्चतर माध्यमिक और माध्यमिक शिक्षक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य से मुक्त हो सकते हैं।दरअसल भोपाल डीईओ ने इस संबंध में पत्र लिखा है।यदि ऐसे आदेश होते हैं तो हाईस्कूल और हासे स्कूलों के एक भी टीचर निर्वाचन संबंधी कोई कार्य नहीं करेगा।उप निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि जिन शिक्षकों को बीएलओ का काम दिया गया है, उनको स्कूलों के कामकाज से मुक्त किया गया है।जिन प्राचार्यों को सुपरवाइजर की जिम्मेदारी दी है, उन्हें भी स्कूलों के कार्य से अलग रखा गया है। स्कूलों से सूची मंगवाकर शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया है, जिससे एसआईआर का काम भी समय पर हो सके।

**भोपाल में 1100 शिक्षक बनाए गए बीएलओ-** भोपाल में एसआईआर के लिए 2029 बीएलओ तैनात किए गए हैं।इनमें से करीब 1100 शिक्षक हैं। वहीं 205 सुपरवाइजरों में से करीब 71 प्राचार्य शामिल हैं।ये काम 4 दिसंबर तक चलेगा।ऐसे में छमाही परीक्षा पर तो असर पड़ा ही, साथ फरवरी में वार्षिक परीक्षाएं हैं।ऐसे में सिलेबस पूरा करना एक चुनौती होगा। शासकीय प्राइमरी स्कूल की शिक्षक आरती शास्त्री का कहना है कि मेरे स्कूल में नर्सरी से लेकर पांचवीं तक 48 बच्चे दर्ज हैं।मैं अकेली शिक्षक हूं, लेकिन मुझे बीएलओ ड्यूटी के आदेश मिले हैं।बैरसिया ब्लॉक स्थित प्रायमरी स्कूल में पहली से पांचवीं तक 33 बच्चे दर्ज हैं।इन्हें पढ़ाने के लिए दो शिक्षक पदस्थ हैं और दोनों की बीएलओ ड्यूटी लगा दी गई है।जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का कहना है कि शिक्षकों के बीएलओ ड्यूटी में जाने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं।

# एडिशनल डीसीपी और टीआई ने सुप्रीम कोर्ट में करण को आरोपी अनवर बताया, दुष्कर्म की धारा जोड़ मारी

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● सुप्रीम कोर्ट में इंदौर पुलिस के दो अफसरों की करतूत सामने आई, जिनकी गलती ने पूरे मामले की तस्वीर बदल दी। इन अधिकारियों ने कोर्ट में एक झूठा हलफनामा पेश किया था। इसमें उन्होंने दूसरे आरोपी के केस याचिकाकर्ता आरोपी के केस में जोड़ दिए। वहीं, दुष्कर्म का आरोप तक लगा दिया। इसे द सूत्र ने दस्तावेज निकालकर चेक किया है। यह सफाई की जगह हद दरजे की लापरवाही अधिक है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में 4 नवंबर को सुनवाई की थी। सुनवाई के बाद लिखित आदेश में कहा कि यह नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता से जुड़े मामले हैं। वहीं कोर्ट में मामले को लेकर गलत दस्तावेज पेश किए गए है। ऐसे में हम पुलिस थाने के एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और टीआई इंद्रमणि पटेल को नोटिस जारी करना उचित समझते हैं। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने का निर्देश दिया जाता है कि उनकी इस लापरवाही भरे आचरण के लिए उन पर कार्रवाई क्यों न की जाए। वहीं, मामले की सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

**यह केस फर्जी जोड़े गए**-वहीं सुप्रीम कोर्ट में 28 अक्टूबर 2025 को पेश किए गए हलफनामे में अनवर हुसैन पर आठ केस बताए गए। फिर 4 नवंबर को सफाई देते हुए सुनवाई में गलत हलफनामे की बात मानी और इसे कम्प्यूटर से हुई मिस्टेक बताया।

मंडलेश्वर जिला खरगोन में 282/08 केस जो धारा 379 में। क्राइम नंबर 283/08 यह आर्म एक्ट 25 में लगाया गया। सनावद खरगोन जिले में 419/09 केस नंबर, जो 379 आईपीसी धारा में बताया गया। यह तीनों केस अनवर खान पिता इशाक खान के नाम पर हैं, यह व्यक्ति करीब 32 साल का है, जिस पर यह केस है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने जो तर्क बताए कि आरोपी और पिता का नाम एक जैसे होने से यह हुआ।

इसमें सुप्रीम कोर्ट में आपत्ति हुई कि अनवर खान और अनवर हुसैन एक जैसा नाम कैसे हो गया है। वहीं उम्र एक की 32 साल दूसरे सही आरोपी की 60 साल है। वहीं दोनों के पते अलग-अलग हैं। मूल आरोपी अनवर हुसैन तो कभी खरगोन जिले में गया ही नहीं और ना ही रहता है।

**चौथे केस में तो हद ही कर दी दुष्कर्मी बताया**-उधर चौथा जो फर्जी केस आरोपी अनवर पर बताया गया इसमें तो पुलिस ने हद कर दी। चंदननगर थाने में क्राइम नंबर 300/23 जो करण पंवार नाम के 23 साल के युवा पर है। वह भी आर्म एक्ट 25 में उसे शपथपत्र में पुलिस ने आरोपी अनवर हुसैन के नाम पर होना बता दिया।

साथ ही इसमें धाराएं भी आर्म एक्ट की जगह दुष्कर्म की धारा 376 के साथ ही अन्य गंभीर धाराएं 276(2), 506 और 34 जोड़ दी। जबकि इस क्राइम नंबर पर तो केस करण पंवार के नाम पर है। वहीं, केस भी केवल आर्म एक्ट का है, जिसमें इतनी गंभीर धाराएं दिखाई गई।

### दोनों अधिकारियों ने यह दिए तर्क

आरोपी अनवर हुसैन पिता इशाक हुसैन के जमानत केस में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम कोर्ट ने 4 नवंबर को सुनवाई में फटकार लगाई।जस्टिस संदीप मेहता और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की युगल पीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई में खुलासा हुआ कि हलफनामे में बताए गए आठ में से चार मामलों में, अनवर हुसैन आरोपी ही नहीं है।जबकि पुलिस ने उस पर यह फर्जी केस बताए थे।जब सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई में पूछा तो जवाब दिया गया कि कम्प्यूटर की गलती से यह हुआ था।आरोपी और पिता का नाम अन्य आरोपी और उसके पिता के नाम से मिलते-जुलते थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।